प्रेषक,

निदेशक,
पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

सेवा में,

1. सचिव, पशुकल्याण बोर्ड / गौसेवा आयोग, देहरादून।
2. मुख्य अधिशासी अधिकारी,
   यू०एल०डी०बी० / यू०एस०डब्ल्यू०डी०बी०, देहरादून।
3. समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त परियोजना निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड।
5. रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून।
6. समस्त रोग अनुसंधान अधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड

संख्या 7053 / स्था०एक / प०चि०अ०–से०वि० / 2024–25 दिनांक 22, मार्च, 2025

विषयः पशुचिकित्सा संवर्ग के विभिन्न स्तर के अधिकारियों के सेवा इतिहास के अवलोकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में अवगत करना है कि पशुपालन निदेशालय में तैयार किये गये पशुचिकित्सा संवर्ग के विभिन्न स्तर के अधिकारियों के सेवा इतिहास विभागीय वेबसाईट पर सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से इस आशय के साथ प्रदर्शित किया जा रहा है कि सम्बन्धित सेवा इतिहास का निम्न बिन्दुओं के अनुसार परीक्षण कर सूचना तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–

1. इस बात की पुष्टि कर ली जाये कि सम्बन्धित अधिकारी का सेवा इतिहास उनके अभिलेखों के अनुसार सही है, अन्यथा की स्थिति में अवगत करायें।
2. यदि कोई अधिकारी किसी अन्य संस्था / स्थान पर सम्बद्ध रहे हैं तो उसका पूर्ण विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
3. यदि कोई अधिकारी एक माह या इससे अधिक समय से किसी भी प्रकार के अवकाश पर रहे हों तो उसका विवरण भी अवश्य उपलब्ध कराया जाये।
4. यदि कोई अधिकारी अपने सेवा इतिहास से संतुष्ट न हो तो वह प्रमाणित अभिलेखों सहित सुधार कर दिनांक 30.03.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त सेवा इतिहास के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की संस्तुति अथवा विकल्प पर विचार नहीं किया जायेगा। पर्वतीय क्षेत्रों की ऊँचाई हेतु सम्बन्धित सूचना राजस्व विभाग / लोक निर्माण विभाग के निर्धारित मानकों को ही मान्य किया जायेगा।

<u>संलग्न–उक्तानुसार।</u>

भवदीय,

(डा०नीरज सिंघल)
निदेशक।

पृ०सं०: 7053 / उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपिः अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल पौड़ी / कुमाऊँ मण्डल हल्द्वानी, नैनीताल को उक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा०नीरज सिंघल)
निदेशक।

Establisment